an>

Title: Need to declare Kanwar Yatra from Sultanganj (Bihar) to Vaidyanath dham (Deoghar, Jharkhand) as 'Rashtriya Mela'.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र बाँका उत्तरायण गंगा, अजगैवीनाथ से भोलेनाथ तक का दूरी तय करता है, उसी बीच में है। विश्व प्रसिद्ध 107 किलोमीटर की लंबी काँवड़ यात्रा के साथ पांव पैदल उत्तरायण गंगा, सुल्तानगंज से झारखण्ड के बैद्यनाथ धाम देवगढ़ तक की आस्थावान श्रद्धालु लोग यात्रा करते हैं। लगातार चार माह की यात्रा 50 लाख से 1 करोड़ के बीच के नर-नारी, भाई-बहन, बूढ़े एवं बच्चे करते हैं। देश-विदेश से आस्थावान लोग लाखों की संख्या में आते हैं। बगल से नेपाल और भूटान से तथा देश के सभी राज्यों से लोग पांव-पैदल यात्रा करते हैं। यह यात्रा सुल्तानगंज, तारापुर, बेलर, सुरिया, कटोरिया, चांदन, देवगढ़ होते हुए की जाती है। यह आस्था यात्रा की है, लेकिन वहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है, शौचालय, यातायात सुविधा, सराय और अन्य व्यवस्था वहां बेहतर तरीके से नहीं हो पाती है। मेरी मांग है कि इसे राÂट्रीय मेला घोÂिात किया जाए। यह मांग बार-बार सदन में उठायी जाती है। केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर के इस विश्व प्रसिद्ध मेला की गरिमा को बढ़ाएं और साथ-साथ इसे राÂट्रीय पर्यटन स्थल घोÂिात किया जाए। यह उत्तरायण गंगा से ले कर के देवगढ़, झारखण्ड तक की यात्रा 107 किलोमीटर तक की है और यह विश्व प्रसिद्ध मेला है, इसीलिए हम इसे राÂट्रीय मेला घोÂिात करने की मांग करते हैं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री जय प्रकाश नारायण यादव द्वारा उठाए गए विÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।